अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2016
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** "प्राकृतिक चयनवाद" प्रतिपादित किया गया- **(1)**

(A) डार्विन द्वारा (B) ग्रेगर जॉन मेंण्डल द्वारा

(C) जगदीश चन्द्र बोस द्वारा (D) लैमार्क द्वारा

**2.** निम्नलिखित में से सान्द्रण विधि नहीं है- **(1)**

(A) फेन प्लवन विधि (B) चुम्बकीय पृथक्करण विधि

(C) निस्तापन विधि (D) गुरुत्वीय पृथक्करण विधि

**3.** काँच की छड़ को रेशम से रगड़ने पर छड़ में आवेश आ जाता है- **(1)**

(A) धन आवेश (B) ऋण आवेश

(C) दोनों आवेश (D) कोई आवेश नहीं

**4.** आवर्त सारणी में किसी समूह में ऊपर से नीचे जाने पर- **(1)**

(A) आयनिक त्रिज्या घटती जाती है (B) सुचालकता घटती जाती है।

(C) घनत्व घटता जाता है (D) धात्विकता बढ़ती जाती है

**5.** रुधिर का थक्का बनाने वाली रुधिर कणिका का नाम है- **(1)**

(A) लाल रुधिर कणिका (B) प्लेटलेट्स

(C) श्वेत रुधिर कणिका (D) इनमें से कोई नहीं

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** 'दिष्ट-धारा' किसे कहते हैं? लिखिए। **(1)**

**7.** सर्वाहारी जन्तु किसे कहते हैं? **(1)**

**8.** अयस्क के सान्द्रण के दौरान गुरुत्वीय पृथ्ककरण विधि द्वारा किस प्रकार की अशुद्धियों को दूर करते हैं? **(1)**

**9.** 'AIDS' का पूरा नाम लिखिए। **(1)**

**10.** चुम्बकीय बल रेखाओं की दो प्रमुख विशेषताऐं लिखिए। **(1)**

**11.** एक एम्पियर से क्या तात्पर्य है? लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** ऊष्मा के सुचालक तथा कुचालक पदार्थों में अन्तर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**13.** "पिग आयरन" से क्या अभिप्राय है? इसका उपयोग कहाँ करते हैं? **(2)**

**14.** एक प्रयोग द्वारा सिद्ध कीजिए कि चुम्बक के सिरों पर आकर्षण बल सबसे अधिक होता है? **(2)**

**15.** खाद्य-श्रृंखला को संक्षेप में समझाइए। **(2)**

**16.** डार्विन-वाद के पाँच आधारभूत सिद्धान्त बताइए। **(2)**

**17.** सोडियम एवं मैग्नशियम की जल से अभिक्रिया का रासायनिक समीकरण लिखिए। इस अभिक्रिया में कौन-सी गैस निकलती है? **(2)**

**18.** विद्युत बल्ब का नामांकित चित्र बनाइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/vigyan/2016

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN